# एनएच 44 पर दो ट्रक भिड़े, चालक घायल





**छपारा नवभारत। 11 अगस्त को सुबह लगभग 10:30 बजे, जबलपुर-नागपुर एनएच 44 फोरलेन बाईपास पर एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें दो ट्रक आपस में टकरा गए। हादसे में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ जब जबलपुर की तरफ से आ रहा एक ट्रक (नंबर एनएल-01 एबी 4320 सामने चल रहे एक ट्रक के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से अनियंत्रित होकर उससे पीछे से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पीछे वाले ट्रक का चालक, भरतपुर, राजस्थान निवासी बबलू जायसवाल, बुरी तरह से केबिन में फंस गया। उसी दौरान वहां से सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन का भी गुजरना हुआ जिनके द्वारा मौके पर रुककर स्थानीय लोगों के साथ मिलकर घायल चालक को केबिन से बाहर निकालने में मदद की और उसे तत्काल छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने बताया कि घायल बबलू जायसवाल के सिर पर गंभीर चोट लगी है जिसके चलते प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि दूसरा ट्रक और उसका चालक मौके से दुर्घटना के बाद फरार हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जबलपुर की ओर जाने वाले बाईपास के इस हिस्से में पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। यह क्षेत्र एक अंधे मोड़ और अचानक ढलान के कारण संवेदनशील माना जाता है। लोगों ने एनएचएआई और जिला प्रशासन से इस त्रुटिपूर्ण स्थान की जांच कर सुधार करने की अपील की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला 20 अगस्त को

**सिवनी नवभारत।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में 20 अगस्त को युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला प्रात: 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिवनी में होगा। आयोजित मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जिक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की जाएगी।

## बरघाट बैंक खाते से गायब राशि डूंडासिवनी थाने में की शिकायत

**सिवनी नवभारत।** डूंडासिवनी थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली पीड़ित एक महिला ने डूंडासिवनी थाना प्रभारी समेत पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि बरघाट स्थित एक बैंक के उसके खाते से शासन प्रशासन द्वारा मिली राशि किसी ने निकाल लिया है। इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाई करते हुए खाते से निकल गई राशि प्रदाय किए जाने की मांग पुलिस अधिकारी से पीडित नहीं की है। पीड़िता तैयबा अंसारी पति मो. शाहरूख अंसारी हाल मुकाम ग्राम जनता नगर, डोरली छतरपुर, थाना डूंडासिवनी ने बताया कि मेरा खाता क्र. 43001037598 जो कि भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा बरघाट में संचालित है। जिसमें म.प्र. शासन महिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंल योजना के तहत 11,000/- तथा पूर्व राशि 1500/- रू. की राशि थी, जो कुल राशि 12500/-मेरे उपरोक्त खाते में जमा थी । पीड़िता ने 8 अगस्त 2025 जब खाते का स्टेटमेंट निकलवाया तो खाते से संपूर्ण राशि निकाल ली गई है।

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उपरोक्त खाते से निकाली गई राशि जिसने भी निकाली है। जांच कर उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही कर मेरी राशि वापस दिलायी जाये।

### एक नजर में

## 14 को पलारी में मनाया जाएगा बलराम जन्मोत्सव



सिवनी। किरार समाज के आराध्य देव भगवान बलराम का जन्मोत्सव इस वर्ष श्रद्धा और भक्ति के साथ विशेष रूप से मनाया जाएगा। यह भव्य आयोजन गुरुवार, 14 अगस्त को किरार समाज के मंगल भवन, पलारी में संपन्न होगा। किरार समाज के जिला अध्यक्ष बृजमोहन पटेल ने बताया कि भगवान बलराम को समाज में शक्ति, साहस और पराक्रम का प्रतीक माना जाता है। वे सत्य, धर्म और न्याय के पालनकर्ता रहे हैं। उनके जीवन से समाज को त्याग, निष्ठा और परोपकार की प्रेरणा मिलती है। जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मंगल भवन में विधिवत पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवा और महिलाएं भी इस कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को विशेष रंग देंगे। अध्यक्ष बृजमोहन पटेल ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## अवैध शराब के विरोध में जन जागरण रैली आज

सिवनी। सिवनी विकासखंड के विभिन्न ग्रामो में बिक रही अवैध शराब के विरोध में दस ग्राम पंचायतो के युवा, मातृशक्ति सहित पुरुषो की एक शक्तिशाली जन जागरण रैली का आयोजन 12 अगस्त मंगलवार को छिंदवाड़ा चौक से किया जायेगा। इस रैली में शामिल होने के लिए समाज के सभी युवा वर्ग, मातृ शक्ति एवं पुरुष सुबह 11 बजे छिंदवाड़ा चौक में एकत्रित होंगे, जिसके बाद अवैध शराब बंद के विरोध में एक शांति पूर्ण रैली छिंदवाड़ा चौक से कलेक्ट्रेट कार्यालय सिवनी तक निकाली जाएगी। जहां गांव गांव बिक रही अवैध शराब के विरोध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर तत्काल गांव गांव बिक रही शराब पर रोक लगाने की मांग की जाएगी। इसके बाद रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचेगी और पुलिस अधीक्षक को अवैध शराब बंद कराने को लेकर ज्ञापन सौपेगी। मुन्ना महाराज ने बताया कि गांव गांव अवैध शराब बेची जा रही है, और शराब का सेवन करके युवा अपना भविष्य गर्त में डाल रहे है। इस ज्ञापन का उद्देश्य गांवो में अवैध शराब बंद कराकर युवाओ को सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाना है।



## हिन्दू सेवा परिषद ने गौशाला पहुंच किया पूजन

सिवनी। रक्षाबंधन के उपलक्ष में हम सभी भाइ इस पावन अवसर पर हिन्दू सेवा परिषद के द्वारा आज 33 कोटी देवी देवताओं के साथ मिलकर मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जिसमें हम सभी गौरक्षक समय से एकत्रित होकर ठीक 11:00 बजे महावीर मढ़ीया से रवाना हुए कालीरात गौ शाला पहुंच कर सभी गाय को पूजा कर रक्षा सूत्र बांधा गौ माता का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर हिंदू सेवा परिषद के प्रदेश सह सचिव धनराज मानाठाकुर, जिला महासचिव पिंकेश विश्वकर्मा, जिला गौ रक्षा प्रमुख, धीरज चंद्रवंशी, प्रीत शर्मा, दीपक रजक, जय मालवी , और अन्य साथी उपस्थित रहे।

## जन्मोत्सव : गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया मुनमुन ने



**सिवनी नवभारत।** विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जन्मोत्सव कार्यक्रम मे गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया। परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर श्रीधाम पहुंचकर पश्चमाम्राय द्वारका शारदा पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का चातुर्मास्यत्रतानुष्ठान मे आयोजित जन्मोत्सव मे शामिल हुए। तथा पूज्य गुरुदेव के श्रीचरणों मे नमन आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

## हवन, पूजन, भंडारा के साथ अखंड रामायण पाठ का समापन



**छपारा नवभारत।** नगर के बस स्टैंड के पीछे स्थित गौरी शंकर मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे श्रावण माह में अनवरत अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है, जिसका सोमवार को हवन पूजन भंडारा के साथ समापन हुआ।

ज्ञात हो कि विगत कई वर्षों से गौरी शंकर मंदिर में सावन के महीने में प्रत्येक सोमवार को अभिषेक किया जाता हैं, साथ ही संपूर्ण सावन मास जहा भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में लगी रहती हैं, सोमवार को हवन पूजन पश्चात मंदिर समिति द्वारा भक्तों के लिए विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जहां सभी ने इस महा प्रसाद को ग्रहण किया।



## ओम कला संस्थान में कार्यक्रम 13 को

सिवनी। ओम कला केन्द्र सिवनी द्वारा महिलाओं और नवयुवतियों के लिए निःशुल्क सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इस रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण के समापन अवसर पर डिप्लोमा वितरण कार्यक्रम एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम आगामी 13 अगस्त को 11 बजे राशि लॉन, बारापत्थर सिवनी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य आतिथ्य सिवनी विधायक दिनेश राय %मुनमुन', करेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मीना बिसेन, जिला अध्यक्ष भाजपा करेंगी। साथ ही जिपं अध्यक्ष मालती डेहरिया, भी उपस्थित रहेंगी।

## विवाद के बाद महिला ने खाया कीटनाशक, मौत




**सिवनी नवभारत।** रक्षाबंधन पर्व मनाने के लिए पति अपनी पत्नी को मायके लेकर पहुंचा, लेकिन मायके में पहुंची पत्नी और पति के बीच न जाने ऐसी क्या बात हुई की पति-पत्नी वापस त्यौहार मना कर अपने घर लौटे तभी भुजलिया के दिन 42 वर्षीय पत्नी यशवंती बाई ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल सिवनी लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान यशवंती बाई का निधन हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कान्हीवाड़ा थाना अंतर्गत गांव जठलापुर निवासी यशवंती बाई पति दिनेश उइके (42) रक्षाबंधन पर्व मनाने के लिए अपने पति के साथ सुकरता के समीप गोंड़ेगांव गई थी। रक्षाबंधन पर्व मनाने के बाद वे दोनों शाम को घर वापस लौट आए। दूसरे दिन रविवार को भुजलिया के दिन न जाने पति-पत्नी के बीच में क्या विवाद हुआ जिसके चलते यशवंती ने धान में डाले जाने वाली कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया।

रात 9 बजे तबीयत ज्यादा खराब होने पर पति ने पत्नी का इलाज कराने जिला अस्पताल सिवनी लेकर पहुंचा। जहां उपचार के दौरान पत्नी की मौत हो गई। मृतिका यशवंती बाई की मां कमला बाई ने बताया कि उनकी बेटी ने कीटनाशक जहर का सेवन क्यों किया? यह इसकी जानकारी अभी तक नहीं लग पाई है।

वहीं मृतिका यशवंती बाई के एक 21 साल का पुत्र योगेश व 17 साल का एक बेटा विक्की और एक बेटी योगिता 19 वर्ष की है। सोमवार को महिला डॉक्टरों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**सिवनी नवभारत।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस पी जी कॉलेज सिवनी में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज संवाद कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन किया गया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने बताया कि पी जी कॉलेज में शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत लगातार आयोजन किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज तिरंगा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताया कि एनसीसी केडेट्स ने इस पुरे आयोजन का बेहतरीन संचालन किया व तिरंगे झंडे से संबंधित विभिन्न जानकारियां जैसे ध्वज के प्रथम स्वरुप से वर्तमान स्वरूप तक का सफर, ध्वज संहिता, शोक व संकट के समय राष्ट्रीय ध्वज कि स्तिथि आदि साझा की। आयोजन में केडेट्स युक्ति , प्रत्याँचा, कीर्ति, प्राची, रोहित व खगेश ने विस्तार से अपनी बात रखी।

प्राचार्य के रूप में उपस्थित डॉ प्रतिभा गुप्ता ने बताया की तिरंगा हमें याद दिलाता हैं कि आजादी को प्राप्त करने के लिए हमारे योद्धाओ ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया हैं। जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पाण्डेय ने कहा कि तिरंगा मात्र कपड़े का टुकड़ा नहीं यह हमारी अस्मिता व एकता का प्रतीक है। इसका सम्मान करना हर भारतीय का नैतिक कर्तव्य है। उक्त कार्यक्रम में डॉ एस पी सिंह, डॉ अनिल परते, प्रो गणेश मंतारे, के सी राउर, श्रीमती अर्चना पाठक, डॉ सविता मसीह, डॉ ज्योत्स्ना नावकर, डॉ लिडिया कुमरे एवं एनसीसी एनएसएस के विद्यार्थियों की उपस्थित रही। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## विश्व आदिवासी दिवस पर पुलिस ने दो चाकूबाजों को गिरफ्तार किया

**सिवनी नवभारत।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर, सिवनी पुलिस ने शहर में शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर और एएसपी दीपक मिश्रा व सीएसपी श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई की.

मिली जानकारी के अनुसार 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस का जुलूस शुरू होने से पहले, पुलिस को दो अलग-अलग जगहों से सूचना मिली. पहली सूचना कटंगी नाका ब्रिज के पास से मिली, जहां एक व्यक्ति भगवा टी-शर्ट पहने हाथ में धारदार चाकू लिए लोगों को डरा-धमका रहा था. दूसरी सूचना रेलवे स्टेशन के पास तिलक वार्ड से मिली, जहां एक अन्य व्यक्ति नीले जींस और रंगीन शर्ट पहने, लोहे का जंग लगा बका लेकर लोगों को धमका रहा था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अलग-अलग टीमें गठित कीं और चीता स्टाफ व गवाहों की मदद से दोनों स्थानों पर घेराबंदी की.

### आरोपियों की गिरफ्तारी

पुलिस ने मौके से नितेश सनोडिया (32) निवासी बोरदई और बालमुकुन्द यादव (56) निवासी अलोनिया को पकड़ा. तलाशी लेने पर, नितेश के पास से एक अवैध धारदार चाकू और बालमुकुन्द के पास से एक अवैध जंग लगा बका बरामद हुआ. दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी किशोर वामनकर, सउनि प्रमोद मालवी, प्र.आर. मुकेश गोंडाने, आर. सौरभ सिंह, अखिलेश माहोरे, राजेन्द्र राजपूत और अन्य चीता स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही. पुलिस ने कहा है कि शहर में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## राहुल गांधी की गिरफ्तारी पर कांग्रेसियों ने पुतला जलाकर जताया विरोध

**सिवनी नवभारत।** केन्द्र सरकार के इशारे पर जिस तरह निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में गड़बड़ी कर देश के लोकतंत्र को तार-तार कर रहा है यह बहुत ही निंदनीय कृत्य है, एक तो चोरी, उपर से सीना जोरी वाला काम किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा अपने जवाब में यह कहा है कि लिस्ट से हटाए गए नामों की सूची बनाने या वजह बताने की बाध्यता नहीं है, यह कोई गोपनीय दस्तावेज नही है, धारा 4(2) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह धारा सार्वजनिक प्राधिकरणों को अपनी जानकारी को सक्रिय रूप से प्रकाशित करने और जनता को उपलब्ध कराने के लिए बाध्य करती है और चुनाव आयोग सार्वजनिक प्राधिकरण है फिर कौन से डर के कारण आयोग जानकारी छिपा रहा है।

केन्द्र सरकार और निर्वाचन आयोग की वोट चोरी के विरोध में नेता विपक्ष आदरणीय राहुल गांधी जी सहित मल्लिकार्जुन खड़गे, श्रीमती प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, सहित विपक्षी सांसदो को शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकालने पर पुलिस द्वारा बलपूर्वक रोका गया, उन्हें गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया, जिसके विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना के नेतृत्व में नगरपालिका के सामने केन्द्र सरकार एवं निर्वाचन आयोग का पुतला दहन किया गया, पुतला दहन करते समय वोट चोरो-गद्दी छोड़ो के नारे लगाए गए।



आदिवासी दिवस | भारिया जनजाति आदिवासी विकास परिषद ने हर्ष उल्लास के साथ मनाया विश्व आदिवासी दिवस

## पातालकोट से आये कलाकारों ने दी भरम शैतान नृत्य की प्रस्तुति



**छपारा नवभारत।** भारिया जनजाति आदिवासी विकास परिषद के द्वारा नगर के एक निजी लान में भारिया विकास प्राधिकरण मध्य प्रदेश कैबिनेट मंत्री के मुख्य अतिथि में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्वप्रथम बड़े देव की आरती पश्चात एक विशाल रैली निकल गई जो लॉन से संजय कॉलोनी चौराहे से माता वार्ड, तकिया वार्ड से जैन वार्ड बाजार चौक से लोधी वार्ड होते हुए शंकर मडिया बस स्टैंड से संपूर्ण नगर भ्रमण के बाद वापस लान में कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में युवा महिलाएं बच्चे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से प्रारंभ हुए जिसमें छपारा सहित आसपास क्षेत्र के भारिया समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया, रंग-बिरंगे परिधानों के साथ छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत किया मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार दिया गया, कार्यक्रम पश्चात सभी ने भोजन ग्रहण किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारिया विकास प्राधिकरण मध्य प्रदेश अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दिनेश अंगरिया जिला पदाधिकारी अध्यक्ष राकेश भारती उपाध्यक्ष राजकुमार भारती सचिव जगदीश भारती कोषाध्यक्ष गोवर्धन भारती एवं भारिया समाज की पार्षद श्रीमती निर्मला ठकरिया छपारा के पूर्व सरपंच कलीराम भारती, सिमरन भारती, सुखचैन भारती, भारत भारती, दीपक भारती, अमित भारती, महेश पंचोलिया ,विनोद ठकरिया, रवि शंकर भीमसेनी, अजय भारती, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता शंकर लाल ठकरिया सहित विशेष सहयोगी एवं सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णकांत ठकरिया उपस्थित रहे।


### जड़ी बूटियां का लगाया स्टॉल

वहीं 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री दिनेश अंगरिया ने समाज को उत्साहित किया एंव पातालकोट से आए हुए कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत नृत्य भरम शैतान नृत्य की सराहना की एवं पातालकोट की जड़ी बूटियां का भी स्टॉल भी लगाया था गया जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा।

## विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

सिवनी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के द्वारा सहारा वृद्धाश्रम डूण्डासिवनी में सोमवार 11 जुलाई को सहारा वृद्धाश्रम डूण्डासिवनी में नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा) योजना विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया एवं सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण रवि नायक ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर वृद्धों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिये।

पैसा ठीक होने के बाद
जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
शादी के पहले एवं शादी के बाद की कमजोरी, उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, टाइमिंग की कमी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का टेढ़ापन छोटापन, नि:संतानता, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का सफल इलाज किया जाता है
सिवनी में मिलें
हर मंगलवार व बुधवार
प्राइवेट बस स्टेण्ड बैनगंगा काम्पलेक्स, शाप नं.-63, सिवनी
बालाघाट में मिलें
हर शनिवार व रविवार
गुरूनानक पेट्रोल पम्प के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट
9243880464,7879453857



श्री श्याम आयुर्वेदिक
गुप्त रोगी मिलें, जोश व टाईम बढ़ायें
शीघ्रपतन, स्वप्न दोष, नामर्दी, धातु, ढीलापन, बचपन में की गलतियों से नसों में आयी कमजोरी, इंद्रीय में पतलेपन व छोटा होना एवं शुक्राणु की कमी, सभी प्रकार के महिला व पुरुष के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है
पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
आशीर्वाद हॉस्पिटल के सामने, शुक्रवारी सिवनी मो.न 8989145127